# MATA SUSHILA INSTITUTE OF EDUCATION

A Unit of Right Path Foundation under Gautam Group of Institutions
Saiyad Bahri, Hilsa, Nalanda – 801307 (Bihar), Tel.: 9297938002 / 9262994120
E-mail: matasushilahilsa@gmail.com; www.matasushilainstitute.com


## छात्रों और अभिभावकों से अपील

प्रिय छात्र–छात्राओं और अभिभावकगण

विश्वविद्यालय का परीक्षा फॉर्म Student Portal के माध्यम से विद्यार्थी द्वारा भरा जा रहा है तथा OTP उसके पंजीकृत (Registered) मोबाइल नंबर पर प्राप्त होता है। फॉर्म भरने के पश्चात् महाविद्यालय की भूमिका Admin Portal के माध्यम से सत्यापन/अनुमोदन तक रहती है। इसी बीच विश्वविद्यालय द्वारा पोर्टल बंद कर दिये जाने के कारण विचित्र स्थिति उत्पन्न हो गई है।

पोर्टल खोलने हेतु संस्थान ने अपने पत्रांक RPF/MSIE-N/COLL/2026/67 दिं० 23-09-2026 से विश्वविद्यालय से अनुरोध किया है (छायाप्रति संलग्न)। अतएव आप सभी छात्रों/अभिभावकों से भी अनुरोध है कि अपने स्तर से विश्वविद्यालय से पोर्टल खोलने हेतु अनुरोध करने की कृपा करें।

ज्ञात हो कि विश्वविद्यालय संस्थान भवन/परिसर में CCTV लगाने और छात्रों की उपस्थिति प्रतिदिन विश्वविद्यालय भेजने की मांग की गयी है (पत्र संलग्न)] तथा इसे भेजने से सम्बंधित कार्य किया जा रहा है। कुछ छात्रों द्वारा महाविद्यालय के कर्मचारियों को धमकी देने के कारण कर्मचारियों ने संस्थान आना बंद कर दिया है और अपने मोबाईल फोन भी स्विच ऑफ कर लिये है ऐसी स्थिति में महाविद्यालय में गंभीर संकट पैदा हो गया है।

अतः सभी से अनुरोध है कि वे विश्वविद्यालय (BUHS) पोर्टल के दिशा–निर्देशों को समझें और उसके अनुपालन में कॉलेज प्रशासन का सहयोग करें। हंगामा करने, धमकी अथवा दुर्व्यवहार से समस्या का समाधान नहीं होता तथा ऐसी गतिविधियाँ लागू नियमों के अंतर्गत कानूनी कार्रवाई का विषय हो सकती हैं।

आप सभी छात्रों/अभिभावकों से अनुरोध है कि कर्मचारियों की सुरक्षा की गांरटी देते हुए उनका मनोबल बढ़ाने में सहयोग करें।

शुभकामनाओं सहित।

(हरेराम सिंह)
का० सचिव

**Mata Sushila Institute of Education**
A Unit of Right Path Foundation under Gautam Group of Institutions
Saiyad Bahri, Hilsa – Chandi Road, Hilsa, Nalanda – 801307; Tel.: 9297938002
E-mail: matasushilahilsa@gmail.com; Website: www.matasushilainstitute.com

Ref. No. RPF/MSIE-N/COLL/2026/67 Date-23/09/2026

To,

**The Controller of Examintions**

**Bihar University of Health Sciences(BUHS)**

**Patna,Bihar**

**Sub:- Request for Extension of Time for Basic B.Sc. Nursing 2023-27 & 2028-28 Examination Form Filling Work.**

**Respected Sir/Mam,**

I would like to inform respectifully draw your kind attention to be difficulties faced by students/colleges due to the limited time provided by BUHS University for Basic B.Sc Nursing Examination Form Filling .

It is observed that the time allotted by the university is often insufficient. Most of the time the portal does not function properly or remains disturbed due to technical issues such as server errors. Slow response or login problem. As a result, students and institutions are unble to complete the require work within the given deadline.

In view of these difficulties, I humbly request the university to kindly provide a minimum of one week (Working days) whenever any portal-related activity or submission is scheduled. This will ensure smooth completion of work without unnecessary stress and inconvenience.

I sincerely hope that the Honorable Authority will consider this genuine request in the interest of students and institutions.

Thanking You.

Principal
Principal
Mata Sushila Institute of Education
Saiyad Bahri,Chandi Road,Hilsa (Nalanda

# बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय

# BIHAR UNIVERSITY OF HEALTH SCIENCES

मीठापुर, पटना–800 001 (बिहार)

Tel-0612-2356912, 2356913, Website-buhs.ac.in, Email-buhspatna@gmail.com

पत्रांक– सा॰–3060/2025–1589/

प्रेषक,

विमलेश कुमार झा,
भा॰प्र॰से॰ (से0नि0)
कुलसचिव

सेवा में,

**प्राचार्य/निदेशक/सचिव,**
**बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से संबद्ध सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी चिकित्सा, दन्त चिकित्सा, आयुर्वेदिक, यूनानी, होमियापैथिक, फार्मेसी, नर्सिंग एवं पारामेडिकल महाविद्यालय/संस्थान, बिहार।**

पटना, दिनांक 18/09/2026

**विषयः महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों के पठन–पाठन के सत्त अनुश्रवण हेतु Facial & Finger Biometric Attendance System एवं CCTV कैमरा अधिष्ठापित किए जाने के सम्बन्ध में।**

**प्रसंगः इस विश्वविद्यालय का पत्रांक 1506 दिनांक 01.09.2026।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के द्वारा महाविद्यालयों/संस्थानों में छात्र/छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण–प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु संबद्ध महाविद्यालय/संस्थानों में निम्नांकित निर्देश निर्गत किया गया थाः–

i. महाविद्यालयों/संस्थानों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों का Facial & Finger Biometric Attendance System के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करवाई जाय तथा संबंधित महाविद्यालय के ईमेल आईडी से विश्वविद्यालय के ईमेल आईडी **monitoringcellbuhs@gmail.com** पर प्रतिदिन 05.00 बजे अपराह्न तक छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों का Biometric उपस्थिति भेजना सुनिश्चित किया जाय। Facial & Finger Biometric Attendance System का Access विश्वविद्यालय को Broad Band Internet Facility के द्वारा उपलब्ध करायी जाय।

ii. महाविद्यालय/संस्थान के सभी प्रमुख स्थानों यथा सभी व्याख्यान कक्षों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कार्यालय, बायोमेट्रिक स्थल आदि पर Internet Protocol Based CCTV System अधिष्ठापित करते हुए इसकी Connectivity Real Time में विश्वविद्यालय को (User ID Password सहित) ईमेल आईडी **monitoringcellbuhs@gmail.com** पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय, ताकि विश्वविद्यालय के स्तर से शैक्षणिक गतिविधियों का सत्त अनुश्रवण किया जा सके।

क्रमशः.......

2. अत्यन्त खेद के साथ कहना है कि अधिसंख्य महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा उक्त निर्देश के आलोक में कोई भी साकारत्मक कार्रवाई नहीं की गयी है, साथ ही विश्वविद्यालय को यह भी सूचना प्राप्त हो रही है कि अधिकांश महाविद्यालय/संस्थानों में नियमित रूप से कक्षाओं का परिचालन अभी भी नहीं किया जा रहा है जिसके कारण महाविद्यालय/संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

3. अतः अनुरोध है कि दिनांक 30.09.2026 तक अचूक रूप से महाविद्यालयों/संस्थानों में Facial & Finger Biometric Attendance System एवं CCTV कैमरा अधिष्ठापित कर विश्वविद्यालय को अनुपालन प्रतिवेदन भेजने की कृपा की जाए अन्यथा विश्वविद्यालय द्वारा बाध्य होकर संबंधित महाविद्यालय/संस्थानों की संबद्धता समाप्त करने (De-affiliate) पर विचार करते हुए आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनुपालन सुनिश्चित की जाय।

विश्वासभाजन

17/9/26

**(विमलेश कुमार झा)**

कुलसचिव